Sixteenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made references to the passing away of Shri M.V.V.S. Murthi, Member, 10th and 13th Lok Sabhas; and Capt. Jainarain Prasad Nishad, Member, 11th, 12th, 13th and 15th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे दो पूर्व सदस्यों सर्वश्री एम.वी.वी.एस. मूर्ति और कैप्टन जयनारायण प्रसाद निषाद के दु:खद निधन के बारे में सभा को सूचित करना है।

श्री मूर्ति आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दसवीं और तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री मूर्ति विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन संबंधी संसदीय समिति, वित्त संबंधी संसदीय समिति और लोक लेखा समिति के सदस्य थे।

इससे पहले श्री मूर्ति आंध्र प्रदेश विधान परिषद के सदस्य थे।

एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता श्री मूर्ति ने बेहतर शिक्षा और जनसंख्या नियंत्रण तथा गरीबी उन्मूलन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया।

श्री एम.वी.वी.एस. मूर्ति का निधन 80 वर्ष की आयु में 2 अक्टूबर, 2018 को अलास्का, संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ।

कैप्टन जयनारायण प्रसाद निषाद बिहार के मुजफ्फरपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11वीं से 13वीं और 15वीं लोक सभा के सदस्य थे।

वह वर्ष 2004 से 2008 तक राज्य सभा के सदस्य भी रहे।

कैप्टन निषाद वर्ष 1996 से 1998 तक केन्द्रीय पर्यावरण और वन राज्य मंत्री तथा गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोत राज्य मंत्री रहे।

एक योग्य संसदविद्, कैप्टन निषाद ने विभिन्न संसदीय स्थायी समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया।

कैप्टन निषाद ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। उन्होंने पिछड़े वर्गों के उत्थान तथा दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यक समुदायों में राजनीतिक और शैक्षिक जागरूकता लाने के लिए अथक प्रयास किया।

कैप्टन जयनारायण प्रसाद निषाद का निधन 88 वर्ष की आयु में 24 दिसम्बर, 2018 को दिल्ली में हुआ।

हम अपने दो पूर्व सहयोगियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। मैं अपनी और सभा की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूँ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन रहेगी।

11 02 hrs

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष : ओम शांति-शांति।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अभी कुछ नहीं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्वेश्चन नम्बर 261 ।

I will allow everybody after Question Hour.

…(व्यवधान)

11 04 hrs

At this stage, Shrimati Sathyabama, S/s Rajeev Satav, Jayadev Galla and some other Hon. Members came and stood on the floor near the Table.

...(<u>व्यवधान</u>)